## श्रेयांस ने पानसेमल को दिलाई नई पहचान

**पानसेमल।** नगर के होनहार युवा श्रेयांस मित्तल ने सीए के फाइनल एग्जाम में इंडिया लेवल पर 28वीं रैंक हासिल की। जिससे परिवार व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है, श्रेयांस ने बताया सीए की तैयारी के लिए घर छोड़कर इंदौर में अपने नाना-नानी के यहां रहे और रात-दिन पढ़ाई पर ध्यान दिया। श्रेयस के पिता पंकज मित्तल कारोबारी एवं माता प्रीति मित्तल गृहिणी हैं। श्रेयांस ने बताया उन्होंने खूब मॉक टेस्ट दिए, जिनमें स्कोर 80 से ज्यादा ही आ रहा था और इस वर्ष एग्जाम में इतनी अच्छी रैंक लग जाएगी ये नहीं सोचा था, लेकिन उनकी मेहनत, लगन माता-पिता के आशीर्वाद से वे सीए की इस रैंक पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरा सपना आईआईएम अहमदाबाद में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना है, जिससे मैं अपने प्रदेश और देश के लिए कुछ अच्छा कर सकु। मैंने आईआईएम की तैयारी शुरू कर दी है। श्रेयांश मंगलवार को पानसेमल पहुंचे, जहां परिजनों ने भव्य स्वागत किया। इस उपलब्धि पर माता-पिता, मित्र परिवार, समाजजनों व नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मास्टर ट्रेनरों ने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**पानसेमल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विस क्षेत्र क्रं. 189 पानसेमल अंतर्गत नियुक्त किए बीएलओ का प्रशिक्षण श्रीअटल बिहारी वाचपेयी शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ। 3 दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हुआ, जिसमें 100 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया एवं शेष बीएलओ का प्रशिक्षण गुरुवार और शनिवार को दिया जाएगा। एसडीएम रमेश सिसोदिया एवं तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने कई तरह की बारीकियों से अवगत कराया। बीएलओ की ऑनलाईन परीक्षा भी ली गई। इस दौरान अधिकारियों ने कक्षों में अवलोकन भी किया।

## नगर पटेल के प्रतिष्ठान पर बैठक हुई सम्पन्न

**पानसेमल।** क्षेत्र में धूमधाम से मनाए जाने वाले महाराष्ट्रीयन खानदेशी समाज के प्रमुख त्यौहार कानबाई माता और पोला पर्व की तिथियों को लेकर नगर पटेल के प्रतिष्ठान पर समाज के प्रमुख एवं वरिष्ठ सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। पंडित मंगल महाराज, सुभाष शुक्ला, पंडित नरेश कुलकर्णी, पंडित सुरेश शर्मा, पंडित जोशी एवं गोपाल जोशी ने शुभ मुहूर्त देखकर तिथियां बताई। जिसकी घोषणा नगर पटेल जयप्रकाश अग्रवाल ने की। सर्वसम्मति से तय किया कि कानबाई माता की स्थापना 27 जुलाई को जाएगी, विसर्जन जुलूस 28 जुलाई को निकाला जाएगा। इसी तरह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त, पोला पिठोरा त्यौहार 22 अगस्त तथा रक्षा बंधन त्यौहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा।

## युवक को मारपीट के बाद चाकू मारा

इंदौर. शहर में चाकूबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. पुलिस की सख्ती के बावजूद अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक पर मामूली विवाद के बाद चाकू से हमला कर दिया. घायल युवक सुजल पथरोड़ की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सुजल ने पुलिस को बताया कि देवश्री कॉलोनी में रहने वाले केतन पिता दीपक बुंदेला ने उसके साथी आदित्य उर्फ गोलू से बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी. जब गोलू ने विरोध किया तो केतन ने पहले तो मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी केतन बुंदेला के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घायल युवक का इलाज जारी है. थाना पुलिस का कहना है कि वारदात के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है, और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

## पत्नी के मायके जाने पर साले की सास को धमकी

इंदौर. घरेलू विवाद के चलते गुस्साए दामाद ने साली की सास को न सिर्फ गालियां दीं बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली. घटना पटेल नगर गोम्मटगिरि क्षेत्र की है, जहां पीड़िता संगीता गोलकार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, संगीता ने बताया कि वह कल जब काम से लौटकर घर पहुंची, तो उसकी बहन का पति राहुल निवासी ग्राम ढोगर, हाल मुकाम कांकरिया रोड, हातोद वहां आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा. उसने आरोप लगाया कि संगीता ने उसकी पत्नी को कुछ ऐसा सिखा दिया, जिससे वह घर छोड़कर मायके चली गई. जब संगीता ने इस बदसलूकी का विरोध किया तो आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर उसकी पत्नी कल तक वापस नहीं लौटी, तो वह संगीता को जान से मार देगा. पुलिस ने राहुल के खिलाफ गाली-गलौज, धमकी देने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

## महिला ने बियर की बोतल से किया हमला

इंदौर. सड़क पर खड़ी महिला को रास्ते से हटने के लिए कहना एक युवक को भारी पड़ गया. आरोपी महिला ने विवाद के दौरान युवक के सिर पर बियर की बोतल मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया. मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है. गांधी नगर स्थित गड्ढे वाली मल्टी में रहने वाले मोहन शिंदे ने पुलिस को बताया कि वह कल नया बसेरा स्थित साईं मंदिर के पास से गुजर रहा था, जहां पालबाई नामक महिला रास्ते में खड़ी थी. जब उसने विनम्रता से उसे हटने के लिए कहा, तो महिला गाली-गलौज पर उतर आई. मोहन ने जब इसका विरोध किया तो पालबाई ने कहा तू होता कौन है मुझे हटाने वाला और फिर पास में रखी बियर की खाली बोतल उठाकर युवक के सिर पर दे मारी. कांच की बोतल लगते ही मोहन के सिर से खून बहने लगा. इतना ही नहीं, हमले के बाद महिला ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पालबाई के खिलाफ मारपीट और जान से धमकाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अभाविप ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

देपालपुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बेटमा में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया. बेटमा नगर के सह मंत्री अभिषेक प्रजापत ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेटमा नगर इकाई के द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 1949 से लगातार छात्रहित राष्ट्रीय हित के लिए कार्यरत है विद्यार्थी परिषद अपना स्थापना दिवस 9 जुलाई को मानता है जिसे विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय विद्यार्थी विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाता है. इसके नियमित बेटमा नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया एवं सप्ताह भर ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. वृक्षारोपण शासकीय महाविद्यालय बेटमा मैं किया गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रभारी सुनीता मालवीय एवं सम वैचारिक संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# जिलेभर में उल्लासपूर्वक मनाई गुरू पूर्णिमा, हुए आयोजन

### तपोभूमि व छोटा पावागढ़ में सम्पन्न हुए अनुष्ठान, सेंधवा में किया गुरूजनों का सम्मान, निवाली शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बड़वानी, (नवभारत)।** ब्रह्मालीन 1008 कमलदासजी त्यागी बाबा की तपोभूमि कोटेश्वर धाम स्थित कनक बिहारी आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का उल्लास रहा। भक्त अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 1008 कमल दास जी महाराज की प्रतिमा का अभिषेक पूजा-अर्चना की। श्री 1008 अयोध्या दास महाराज जी के सानिध्य मे श्रद्धालुओं में भंडारा ग्रहण किया तथा गुरु मंत्र शत्रुघ्न दास महाराज ने किया। इसी तरह छोटा पावागढ़ के नाम से प्रसिद्ध गेबीनाथ मठ कटनेरा निसरपुर में 108 श्रीरामदास त्यागी राम बाबा के सानिध्य में सुबह 11.30 बजे अभिषेक किया। आयोजन का यह 26वां वर्ष रहा। इस अवसर पर सुबह 11.30 बजे महाआरती कर प्रसादी भंडारे की शुरूआत हुई। सुबह से शाम तक गुरुओं की तपोभूमियों पर हजारों भक्तों ने शीष नवाए।

### बताया गुरू का महत्व

**सेंधवा।** शहर में आयोजित एक सम्मान समारोह में गुरुजनों के सम्मान के साथ-साथ भारतीय राजनीति की गूढ़ कूटनीति पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर एचडी वैष्णव के संबोधन से हुई, जिन्होंने गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु का आशीर्वाद और मार्गदर्शन ही व्यक्ति को जीवन की ऊंचाईयों तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कोई न कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की एक प्रेरणादायक घटना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जब पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान ने अपने ऊंचे कद पर घमंड जताते हुए शास्त्रीजी को झुक कर हार पहनाया और कहा कि पाकिस्तान का कद बहुत बड़ा है, तब शास्त्रीजी ने अत्यंत शालीनता से उत्तर दिया, हम भी यही चाहते हैं कि भारत के सामने सभी झुककर सम्मान करें। यह प्रसंग राजनीति में कूटनीतिक उत्तर का श्रेष्ठ उदाहरण बताया गया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अध्यापक मोहनलाल दुबे ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए।

मंडल अध्यक्ष राहुल पवार ने अतिथि गुरुजनों का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। महामंत्री रामेश्वर पालीवाल, सुनील शर्मा और भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद मामा ने गुरुजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने किया, वहीं जिला प्रभारी विवेक तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गुरु पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम

**निवाली।** पदम स्व कांता बहन त्यागी शास महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्राचार्य डॉ के तावडे ने स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में गुरु की अहम भूमिका होती है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पीसी किराडे ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमें हमारी संस्कृति बौद्धिक संपदा एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरणा देती है एवं युवाओं को ऊर्जावान बनती है। छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। संचालन प्रोफेसर अनार सिंह किराडे ने किया।

**गुरू पूर्णिमा पर हुए आयोजन**

- गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुए।
- महाआरती कर की भंडारे की शुरूआत।

## आज से प्रारंभ होगा श्रावण

**निवाली, (नवभारत)।** नगर में आज से श्रावण माह शुरू होगा। नगर के शिवटेकड़ी मंदिर में भक्तों का तांता लगेगा। नगर से कुछ ही दूरी पर पलसूद रोड़ स्थित शिव लिंग के आकार में बना शिव मंदिर में हजरों की संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। जिसमें शिव मंदिर में बन रहे नंदी भगवान की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनेगी।

**सकल हिन्दू समाज निकालेगा भगवान भोलेनाथ की पालकी**

नगर में सावन माह के पावन अवसर पर कई तरह के धार्मिक आयोजन होंगे। जिसका संचालन सकल हिन्दू समाज निवाली करेगा। जिसमे 9 जुलाई को नगर में धार्मिक गतिविधि करने वाले समस्त संगठनों के साथ बैठक कर सभी संगठनों को एक संगठन सकल हिन्दू समाज निवाली के नाम से समिति का गठन कर संगठित किया गया। जिसमें ये तय हुआ कि पहले 14 जुलाई को पालकी श्रीराम मंदिर निवाली से निकलेगी, दूसरी पालकी पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकलेगी, वहीं तीसरी पालकी साई मंदिर से व चौथी पालकी महा मनोकामनेश्वर मंदिर खेतिया रोड़ निवाली से निकलेगी। आयोजन समिति में धार्मिक गतिविधि करने वाले संगठनों के सदस्य पंकज बंसल, भगवान तंवर, विनय सिसोदिया, लखन पंडित, कुणाल सोनोने, वीरेंद्र कुमावत सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे

## 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**बड़वानी।** कलेक्टर गुंचा सनोबर ने 1 जुलाई 2023 को दुर्घटना होने से 2 जुलाई 2023 को पुराना बस स्टैंड सेंधवा में माता चौक बरूड थाना छेगांव माखन हाल मुकाम शास्त्री कॉलोनी सेंधवा निवासी सतीष पिता डिग्रीलाल पटवा की मोटरयान दुर्घटना में मृत्यु होने पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 के अंतर्गत वैधानिक उत्तराधिकारी मृतक की पत्नि श्रीमती रूपाबाई को 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**पौधारोपण** पूर्व सदस्य के सौजन्य से लायंस सक्लब बड़वानी सिटी द्वारा लगाए गए पौधों ने लिया हरे-भरे वृक्षों का रूप

# जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में रोपे पौधे

**बड़वानी 11 जुलाई.** प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में गुरूवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मुकेश तिवारी और सदस्य श्रीमति साधना शर्मा, राधेश्याम कहार, प्रीतेश जाजोरिया, महेन्द्र सिंह चौहान, कालू बर्डे, प्रवेश यादव, दिनेश चौधरी सहित फोरम स्टॉफ ने विभिन्न किस्मों के पौधारोपण किया। साथ ही उपस्थितों द्वारा इन पौधों की देखभाल कर इन्हें विशाल वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान अध्यक्ष और सदस्य सहित स्टॉफ ने पौधारोपण के लिए खोदे गड्ढों में पौधे लगाए साथ ही उन्हें पानी भी दिया। मौलश्री, सीता अशोक, नागकेसर के पौधे लगाए गए। उपभोक्ता फोरम में बेलपत्र, अर्जुन, सप्तपर्णी, कचनार, सहजन के सहित विभिन्न किस्मों के औषधीय और नक्षत्र अनुसार पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान वकील और उपभोक्ता भी उपस्थित थे।

### निरंतर की देख भाल

पूर्व सदस्य महेश चन्द्र शर्मा के सौजन्य से लायंस क्लब बड़वानी सिटी ने विगत वर्षों में करीब 324 पौधों का रोपण किया था। पौधों की निरंतर देख भाल के चलते आज सभी पौधों ने हरे-भरे वृक्षों का रूप ले लिया है।

# फर्जी नाम बताकर मंदिर में घुसा युवक

- मोबाइल से मिली अश्लील सामग्री; पुलिस ने लिया हिरासत में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित मोती बाबा मंदिर में बुधवार को एक संदिग्ध युवक द्वारा युवतियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और फर्जी पहचान छिपाकर मंदिर में प्रवेश करने का मामला सामने आया है. मौके पर पहुंचे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ा और पूछताछ कर पुलिस के हवाले कर दिया.

युवक खुद को अनिकेत तोमर बताकर मंदिर में घूम रहा था और वहां मौजूद युवतियों से दोस्ती की कोशिश कर रहा था. संदेह होने पर मौके पर पहुंचे मंच के कार्यकर्ताओं मानसिंह राजावत और कुलदीप सिंह ने जब युवक से उसका आधार कार्ड मांगा, तो उसने इनकार कर दिया. संदेह गहराने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें एक आधार कार्ड मिला. कार्ड में उसका असली नाम

मोहम्मद जीशान पिता करीम खान निवासी श्रीनगर काकड़ दर्ज था. युवक के मोबाइल की जांच करने पर उसमें कई युवतियों के अश्लील फोटो और वीडियो मिले. इसके अलावा कॉल सेंटर की युवतियों से की गई चैटिंग और उनके नंबर भी मोबाइल में पाए गए. पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह टास्कुस नामक कॉल सेंटर में काम करता है और वहीं की कई युवतियों से संपर्क में है. उसने यह भी बताया कि वह अक्सर मंदिर में आकर हिंदू लड़कियों से नज़दीकियां बढ़ाने की कोशिश करता था. घटना की सूचना मिलते ही परदेशीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच की जा रही है और युवक से विस्तृत पूछताछ की जा रही है. पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# मारपीट के आरोपी धराए, भागने के प्रयास में युवक घायल

- बंगाली चौराहे पर बेल्ट से की थी युवक की पिटाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक के साथ बेल्ट से मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को तिलक नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपियों में एक युवक पुलिस को चकमा देकर भागने के दौरान दीवार से कूद पड़ा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है. उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है.

बंगाली कॉलोनी में रहने वाले फरियादी अंकित शाह ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 1 बजे जब वह बंगाली ब्रिज के नीचे से होकर घर लौट रहा था, तभी दो अज्ञात युवकों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते

हुए बेल्ट से हमला कर दिया. फरियादी कि रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाप प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की थी. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने जल्द ही दोनों आरोपियों मुकुल बोरासी और यश उर्फ भोला पिता बाबूलाल 24 वर्ष, निवासी संविद नगर को चिन्हित कर दबोच लिया. गिरफ्तारी के दौरान यश उर्फ भोला भागने की कोशिश में बाउंड्री वॉल से कूद गया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आ गई. पुलिस ने तत्काल उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया. दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही है.

# दो लोगों को एक ही ज़मीन बेचकर करोड़ों की ठगी की

*क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस, गिरफ्तारी की तैयारी*

इंदौर. करोड़ों की जमीन को दो अलग-अलग लोगों को बेचकर उनसे रकम वसूलने वाले एक शातिर के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी ने एक ही कृषि भूमि का सौदा दो पक्षों से कर न सिर्फ लाखों की राशि हड़पी, बल्कि दस्तावेज भी किसी को स्पष्ट रूप से नहीं सौंपे. पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है.

यह कार्रवाई नरेंद्र सिसौदिया निवासी बड़ा बागड़दा और सोहनलाल की संयुक्त शिकायत पर की है, दोनों ने आरोप लगाया है कि सुमित नाहर पिता कैलाश नाहर, निवासी जावरा कंपाउंड ने एक ही जमीन का सौदा उनसे अलग-अलग समय पर किया और मोटी रकम वसूल ली. शिकायतकर्ता सोहनलाल ने क्राईम ब्रांच के अधिकारियों को यह भी बताया कि ग्राम चिमनखेड़ी देपालपुर स्थित उसकी कृषि भूमि उसने सुमित को 50 लाख रुपए प्रति बीघा के हिसाब से बेची थी. सौदे के एवज में सुमित ने पांच चेक दिए, जिनमें से दो क्लियर हुए, लेकिन बाकी तीन चेक बाउंस हो गए. इसके बाद कई बार भुगतान की मांग की गई, लेकिन सुमित टालता रहा. इसी दौरान सोहनलाल को पता चला कि वही जमीन सुमित ने नरेंद्र सिसौदिया को भी बेच दी है. नरेंद्र से बातचीत करने पर सामने आया कि उन्होंने भी सुमित को पूरी रकम चुका दी है, लेकिन अब तक जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई. शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की और तथ्यों की पुष्टि के बाद आरोपी सुमित नाहर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया.

**समस्या** मामला वार्ड 55 में कुटुंब न्यायालय के पीछे मुख्य मार्ग का

# सीवरेज के लिए खोदी सड़क, दोबारा नहीं बनाई

**इंदौर. विकास को लेकर शहर में हर तरफ कार्य किया जा रहा है. कहीं सीवरेज लाइन तो कहीं सड़क पुनर्निर्माण तो कहीं चौड़ीकरण हो रहा है. लेकिन इन कार्यों में अस्सी प्रतिशत ऐसे कार्य हैं जो अधूरे पड़े हैं या फिर इन कार्यों के कारण आम जनता परेशानी उठा रही है.**

स्नेहलता गंज छावनी क्षेत्र में पड़ने वाला वार्ड क्रमांक 55 में मामला सामने आया है. वार्ड के उषागंज में कुटुंब न्यायालय के पीछे मुख्य मार्ग पर छः महीने पहले सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया था लेकिन इस कार्य से दो समस्याएं बढ़ गई हैं. पहले तो यहां की जब सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया जा रहा था तो बनी बनाई सड़क को उखाड़ दिया गया. फिर आज तक इस उबड़ खाबड़ सड़क को दोबारा नहीं बनाया गया, जिसके कारण राहगीरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. वहीं इस कार्य से दूसरी समस्या यह है कि सीवरेज लाइन का नया कार्य तो किया गया लेकिन इस नई लाइन के कारण क्षेत्र के घरों में नर्मदा नल कनेक्शन से पानी पहुंच रहा है.

### इनका कहना है...

जर्जर रोड होने और बरसात में कीचड़ होने के कारण कई वाहन चालक गिर रहे हैं. चोटें लग रही है. कुछ दिन पहले बनी बनाई सड़क ऐसी धंसी कि रिक्शा अंदर चले गई.

**- अमित महेश्वरी**

इतना कीचड़ हो जाता है कि ग्राहक इधर आना पसंद नहीं करते. इसके अलावा नई सीवरेज लाइनों के बाद घरों के नलों में सीवरेज का पानी मिक्स होकर आ रहा है.

**- भूपेंद्र जैन**

आसपास की गलियों में दिवाली से काम शुरू हो गया था. हर जगह कार्य चल रहा है लेकिन पूरा नहीं किया जाता. कार्य पूरा हो जाए तो लोगों की समस्याएं खत्म हो.

**- श्यामलाल श्रीवास**

### बारिश बाद सड़क कार्य

बारिश बाद सड़क का कार्य किया जाएगा. क्षेत्र में लोगों के घरों में नल कनेक्शन वर्षों पुराने हो चुके हैं, जो लीकेज हो चुके हैं. रहवासियो को लाइन बदलने के लिए कहा है.

**- पंखुड़ी जैन, पार्षद**